

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–64/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने श्री शाहनवाज खान काशिफ द्वारा लिखित पुस्तक ''इनकेशाफ'' का विमोचन किया

**पटना, 19 जून, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन, पटना के दरबार हॉल में श्री शाहनवाज खान काशिफ द्वारा लिखित पुस्तक ''इनकेशाफ'' का विमोचन किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी समुदाय को खुद को अल्पसंख्यक कहकर अपने आपको संकीर्णता के दायरे में नहीं बाँधना चाहिए। वे भारत जैसे विशाल देश के नागरिक हैं और इसके इतिहास तथा निर्माण में उनका योगदान है। राज्यपाल ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसमें बिहार की अनेक विभूतियों का उल्लेख किया गया है जिनके व्यक्तित्व और कृतित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं।

कार्यक्रम को पारस एच०एम०आर०आई० हॉस्पीटल, पटना के निदेशक डॉ० ए०ए० हई, बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य एवं उर्दू सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री शफीक मशहदी एवं पुस्तक के लेखक श्री शाहनवाज खान काशिफ ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

..........................................